# शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी जिला धमतरी छ.ग.

## महाविद्यालयीन गुणवत्ता सलाहकार समिति (QAC)

### बैठक दिनांक 15.11.2016

आज दिनांक 15.11.2016 दिन मंगलवार को महाविद्यालय की गुणवत्ता सलाहकार समिति (QAC) की आवश्यक बैठक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय समिति के सदस्यगण सम्मिलित हुऐ । बैठक में महाविद्यालय की गुणवत्ता संबंधी चेतना को बनाए रखने एवं महत्वपुर्ण शैक्षणिक/अकादमिक मुददों पर विचार विमर्श किया जाकर महाविद्यालय की आंतरिक शैक्षणिक गुणवत्ता को मजबूत बनाए जाने एवं भविष्य में महाविद्यालय के नैक प्रत्यायन की कार्यवाही को गति प्रदान करने के संबंध में महत्वपूर्ण विचार एवं प्रस्ताव रखे जाकर उसके उचित कियान्वयन एवं परिपालन के संबंध में प्रतिबद्धता व्यक्त की गई । समिति में सर्वसम्मति से निम्न प्रस्ताव रखे जाकर तत्संबंध में निर्णय लिये गये ।

| प्रस्ताव | निर्णय |
|---|---|
| **अ. शैक्षणिक/अकादमिक गतिविधियॉ –** | |
| यह प्रस्तावित किया गया है कि पदोन्नत प्राध्यापक डॉ.एम.एल.वर्मा एवं नवनियुक्त सहायक प्राध्यापक प्रो.जयेश करंजगांवकर को महाविद्यालय के गुणवत्ता सलाहकार समिति (QAC) में नये सदस्य के रुप में सम्मिलित किया जाये तथा आगामी महाविद्यालयीन गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक में अनुमोदन करवाया जाये । | उक्त प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया । |
| यह प्रस्तावित किया गया कि महाविद्यालय में प्रत्येक विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुरुप पाठ्यक्रम योजना की अब तक की पूर्णता एवं आगामी महीनों की कार्ययोजना प्रस्तुत करें । | उक्त प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त करतें हुए शीघ्र कियान्वयन किए जाने का आश्वासन प्रदान किया। |
| यह प्रस्तावित किया गया है कि प्रत्येक संकाय यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक प्राध्यापकों एवं अतिथि व्याख्याताओं द्वारा शिक्षक दैनंदिनी, उपस्थिति रजिस्टर एवं प्रयोगशाला डायरी, प्रयोगशाला उपस्थिति पंजी एवं आंतरिक सत्र परिक्षाओं के अभिलेख अनिवार्य रुप से संधारित एवं अद्यतन रखी जाये । | उक्त प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त करतें हुए शीघ्र कियान्वयन किए जाने का आश्वासन प्रदान किया। |
| यह प्रस्तावित किया गया कि महाविद्यालय में यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाये कि छात्र–छात्राओं को ई–लर्निंग संसाधनों से परिचित | सहमत |

| | | |
|---|---|---|
| | किया जाकर उन्हें प्रोत्साहित करें तथा विभाग में इस हेतु विशेष व्याख्यानों का आयोजन किये जाये । | |
| 5 | यह प्रस्तावित किया गया है कि महाविद्यालय में प्रत्येक विभाग में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के शैक्षणिक, सामाजिक तथा रोजगार संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु 25–30 छात्र–छात्राओं का समूह बनाकर उनके लिये अनुभवी परामर्शदाता की भूमिका का निर्वहन करने हेतु कार्यरत प्राध्यापकों को नियुक्त किया जाये एवं की गई कार्यवाही से iqac समन्वयक को सूचित किया जाये । | उक्त प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त करतें हुए शीघ्र क्रियान्वयन किए जाने का आश्वासन प्रदान किया। |
| 6 | यह प्रस्तावित किया जाता है कि महाविद्यालय में प्रत्येक संकायों में सेमीनार, कार्यशालाओ एवं विशेष व्याख्यानों का आयोजन अनुभवी विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाकर आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें । | उक्त प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त की तथा आयोजनों पर आने वाले व्ययों के प्रावधानो के विकल्पों पर विचाार किया गया । |
| 7 | यह प्रस्तावित किया गया कि महाविद्यालय में सभी संकायों से यह अपेक्षा की जाती है कि राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित किये जाने की सभावनाओं पर विचार करते हुए अपनी कार्ययोजना एवं प्रस्ताव यथाशीघ्र प्रस्तुत करें । | उक्त प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त करतें हुए शीघ्र प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने की सहमति प्रदान की। |
| 8. | यह प्रस्तावित किया गया कि महाविद्यालय में हरित पर्यावरण तथा देश व्यापी स्वच्छता अभियान को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें । इस हेतु सप्ताह में एक दिन निश्चित किया जाकर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत अपने विभाग एवं महाविद्यालय में योगदान करें । | उक्त प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त करतें हुए शीघ्र क्रियान्वयन किए जाने का आश्वासन प्रदान किया। |
| 9. | यह प्रस्तावित किया गया कि महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाकर उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाये । यदि महाविद्यालय स्तर पर सुविधा जुटाना संभव हो तो आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) को भी अवगत कराया जाये । | उक्त प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त करतें हुए शीघ्र क्रियान्वयन किए जाने का आश्वासन प्रदान किया। |
| 10. | यह प्रस्तावित किया गया कि महाविद्यालय में प्रत्येक विभाग एवं संकाय महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाये रखने तथा महाविद्यालयीन संसाधन तथा अधोसरंचना को बनाये रखने का प्रयास हर स्तर पर किया जाये, साथ ही महाविद्यालयीन कम्प्युटर, प्रयोगशाला उपकरणों तथा कक्षाओं में लगे उपकरणों की सुरक्षा एवं उनके अनुरक्षण पर सतत् निगरानी की जाये । | सहमत |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | यह प्रस्तावित किया गया कि महाविद्यालय में प्रत्येक विभाग अथवा संकाय में भूतपूर्व छात्र–छात्राओं के प्रदर्शन एवं उपलब्धियों के आधार पर एक एल्युमिनाई एसोसिएसन का गठन किया जाये तथा प्रत्येक संकाय के एल्युमिनाई संगठन के आधार पर महाविद्यालय स्तर पर एक एल्युमिनाई एसोसिएसन का गठन किया जाकर इसका पंजीयन किया जा सके । | निर्णय लिया गया कि एनएसएस व क्रीड़ा प्रभारी डॉ. ए0के0ध्रुव सहा. प्रा. हिन्दी द्वारा एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर जानकारी संकलित कर प्रस्तुत करें । |
| 12 | यह प्रस्तावित किया गया कि महाविद्यालय में प्रत्येक संकाय में विषय से संबंधित विशेषज्ञों के विजन और उनके मोटिवेशन संबोधन, एंटी रैगिंग पोस्टर, एंटी टोबैको एवं धूम्रपान निषेध के साइन बोर्ड और पोस्टर को प्रोत्साहित किया जाये एवं कक्षा सजावट प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित किया जावे। | उक्त प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त करतें हुए शीघ्र कियान्वयन किए जाने का आश्वासन प्रदान किया। |
| 13. | यह प्रस्तावित किया गया कि प्रत्येक संकाय की संपादित गतिविधियों की एक संक्षिप्त न्यूज लैटर माह में एक बार विभागीय आधार पर प्रकाशित किये जाने की व्यवस्था हेतु प्रयास किये जाये । | विभागीय प्रयास किए जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी |
| 14. | यह प्रस्तावित किया गया कि संकाय प्राध्यापक एवं कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि वे महाविद्यालयीन कार्यावधि तथा कार्य संस्कृति का दृढता के साथ पालन करना सुनिश्चित करें । | उक्त प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त करतें हुए पालन किए जाने का आश्वासन प्रदान किया। |
| 15 | अमहाविद्यालयीन छात्र छात्राओं का पंजीयन के साथ साथ उन्हें नियमित रूप से प्रायोगिक कक्षाओं में उपस्थित होने हेतु प्रोत्साहित किया जाये । | सहमत |
| 16 | कैरियर एवं प्लेसमेंट सेल की गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाकर इस हेतु प्रयास सतत् रूप से किए जावें । | उक्त प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त करतें हुए शीघ्र उचित प्रयास किए जाने का आश्वासन प्रदान किया। |
| 17 | कक्षाओं में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति की सतत् निगरानी की जाकर समय समय पर आवश्यक कदम उठाए जावें । | सहमत |
| 18 | महाविद्यालय में पब्लिक एनाउंसमेंट प्रणाली की स्थापना की संभावनाओं पर चर्चा की जाकर उसकी कार्ययोजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया | उक्त प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त करतें हुए शीघ्र कियान्वित किए जाने पर स्वीकृति प्रदान की । |
| 19 | शासन की मंशा के अनुरूप महाविद्यालय व्दारा गोद लिए ग्राम में विभिन्न जागरूकता कार्यकमों का आयोजन किया जाकर उसकी प्रगति से विभाग एवं शासन को अवगत कराया जावे । | एन.एस.एस. एवं महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं के सहयोग से विभिन्न कार्यकमो के आयोजन |

| | | |
|---|---|---|
| | | किये जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी । |

अंत में बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों ने उपरोक्त प्रस्तावों पर गंभीरतापूर्वक विचार विमर्श कर उनको कियान्वित किये जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की तथा उक्त प्रस्तावों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया जाकर पास किया गया ।

अंत में पुनः प्राचार्य महोदय द्वारा बैठक समाप्ति की घोषणा की जाकर आभार प्रदर्शन किया गया एवं उपरोक्त प्रस्तावों से संबंधित नोडल अधिकारियों को अपने अपने उत्तरदायित्वों को जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए निर्धारित समय सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया ।

15.11.16

प्रो.पी.एस.सोनसाठ
समन्वयक (IQAC)

(डॉ.अमिताभ बैनर्जी)
प्राचार्य

01. प्रो.डी.सी.खेलन
02. डॉ.एम.एल.वर्मा
03. डॉ.ए.के.ध्रुव
04. प्रो.एम.के.जागडे 15/11/2016
05. प्रो.एम.के.शर्मा 15.11.16
06. प्रो.जयेश करंजगांवकर